92.7 बिग एफएम ने दिल्ली को उसका भुख्यमंत्री दिलाया

यह एक फन फूड एम्बेसडर है जो शहर के फूड कल्चर की समस्या सुलझायेगा

~जानेमाने फूडी एमजे खुराफ़ाती नितिन इस कैम्पेन का नेतृत्व करेंगे और राजधानी में आम आदमी को फूड से संबंधित क्या परेशानियां हैं, उन्हें हल करेंगे~

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर, 2018: त्योहारों का मौसम चल रहा है, ऐसे में दिल्ली को एमजे नितिन के रूप में अपना भुख्यमंत्री मिल गया है- 'फूड से संबंधित सभी चीजों के प्रधान मंत्री'। **भारत के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क्स में से एक 92.7 बिग एफएम** जमीनी हकीकत से जुड़े अपने कंटेंट के साथ श्रोताओं का मनोरंजन करने के लिये जाना जाता है। अब यह रेडियो नेटवर्क शहर के असली स्वाद को सामने लेकर आयेगा, जिससे त्योहार का स्वाद और भी बढ़ रहा है। जाने-माने एमजे नितिन शहरभर में फूड से जुड़ी परेशानियों को सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे।

एमजे नितिन जोकि खुद भी बिग फूडी हैं, ना केवल फूड से जुड़ी समस्याओं का समाधान और उपाय बतायेंगे, बल्कि अपनी रेसिपी के लिये मशहूर कई सारे ठिकानों पर भी जायेंगे। एमजे नितिन दिल्ली में फूड से जुड़ी समस्याओं को हल करेंगे, उनमें उन रेस्टोरेंट्स के बारे जानकारी शामिल है, जहां जरूर जाना चाहिये। साथ ही उनकी स्पेशल डिशेज, फूड हाइजीन, अजीबोगरीब कॉम्बो और फूड राइट्स के बारे में भी जानकारी देंगे।

एक प्रैंकस्टार से खुद को एक भुख्यमंत्री घोषित करने के सफर का इतिहास भी काफी दिलचस्प है। एक बहुत बड़े फूडी होने के कारण, एमजे नितिन को शहर के कई सारे रेस्टोरेंट्स से आये दिन आमंत्रण मिलता रहता है। इसके लिये उनके फॉलोअर्स उन्हें मानते हैं और उन्होंने उनके शो पर फूड से संबंधित चिंता को लेकर कॉल करना शुरू कर दिया। जब एमजे नितिन को यह जिम्मेदारी दी गई तो उन्होंने इसे अपना दायित्व मानकर, दिल्ली में फूड की हालत को सही करने की ठान ली।

इस पहल के बारे में बताते हुए, **एमजे नितिन** कहते हैं, "लोगों को फूड से जुड़ी जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, मुझे उसके बारे में पता चला। मेरा लक्ष्य उन समसस्याओं को सुलझाना था जिसका सामना हर

किसी को करना पड़ता है लेकिन वह नहीं जानते हैं कि उसे कैसे सुलझाते हैं। भुख्यमंत्री की सबसे अच्छी बात यह है कि यह मुझे स्वाभाविक रूप में सामने लाता है ना कि एक विशुद्ध फूड क्रिटिक के तौर पर, क्योंकि मैं उस रूप में सहज नहीं हो पाता। मेरा मकसद बेस्ट को सामने लाना और इस दौरान लोगों के जीवन में संगीत और फूड के जरिये ज्यादा खुशियां फैलाना है।"

इस अभियान में अपना सहयोग देने वाली अन्य हस्तियों में सोनू निगम, रेहा चक्रवर्ती, वरुण मित्रा, आयुष शर्मा, वारीना हुसैन, मनुशी चिल्लर और शरमन जोशी, जैसे नाम हैं।

https://www.facebook.com/delhi92.7bigfm/videos/346370646113505/

https://www.facebook.com/delhi92.7bigfm/videos/1489475227267 21/

भुख्यमंत्री और उसकी खूबियों के बारे में और अधिक जानने के लिये सुनते रहिये 92.7 बिग एफएम